हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026



11 आरडी ग्रीन फिल्ड्स स्कूल का परीक्षा परिणाम...



12 समझौते के बाद आंदोलनकारी कर्मियों की...





## सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के होनहारों ने फिर छुआ सफलता का शिखर

-10वीं में आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

-जेईई मेन में 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर बिखेरी प्रतिभा की चमक

-आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्सा डागा 99.2, अक्षिता धीमान 99, वनीषा जैन 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं के परिणाम में इंडिया के टॉप रैंकर्स में शामिल -जेईई एडवांस्ड के लिए आरपीएस के 633 में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया

**महेंद्रगढ़** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस ( मेडिकल व नॉन मेडिकल), कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंकों का शिकार शिखर छुकर आरपीएस का नाम देश में रोशन किया।आरपीएस के सीईओ इंजी. मनिष राव ने बताया कि छात्रा स्वाति सिंह ने 12वीं में 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा इप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत अंकों लेकर द्वितीय जबकि वनीषा जैन ने 98.8 प्रतिशत का बेहतरीन स्कोर प्राप्त किया। वहीं छात्रा अक्षिता धीमान ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संस्थान के 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक और रिकॉर्ड 153 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इसके अलावा, स्कूल के कुल 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर परफेक्ट स्कोर का शिखर छुआ, जो स्कूल के शानदार मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है।

**- आरपीएस सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बना सिरमोर**

10 वीं कक्षा में भी प्रथम तीन स्थानों पर आरपीएस के विद्यार्थियों का पूरी तरह कब्जा रहा। समूह में प्रथम स्थान पर दिव्या यादव, अदित्री, अवनी यादव, रिद्धिमा यादव और आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। समूह में द्वितीय स्थान पर ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला और देवींक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया और तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय की अन्य उपलब्धियों में 64 विद्यार्थियों का 99 प्रतिशत से अधिक व 757 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे भारत में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा वहीं आरपीएस के 493 विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**-आरपीएस का जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई का सक्सेस रेट 72 प्रतिशत**




जेईई मेन में आरपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए 72 प्रतिशत सक्सेस रेट से क्वालिफाई करवाकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आरपीएस समूह के 633 विद्यार्थियों में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया। जेईई मेन 2026 में मयंक कुमार 99.957 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। इनके साथ सुमित यादव 99.92, आर्यन श्योराण 99.89 और विनीत कुमार 99.88 परसेंटाइल के साथ टॉप पांच में जगह बनाई।

आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विशेषकर 12वीं कक्षा में बेटियों का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन नारी सशक्तिकरण की एक जीती-जागती मिसाल है। आरपीएस परिवार प्रत्येक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ग्रुप केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य के सफल नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की एक प्रयोगशाला है। हमारे विद्यार्थियों ने न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। 12वीं, 10 वीं और जेईई के यह परिणाम हमारी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का ही मधुर फल हैं ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। 12वीं कक्षा के परिणामों ने जिस प्रकार से शैक्षणिक मानकों को नया शिखर दिया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आरपीएस समूह निरंतर नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करता रहेगा। (ADVT.)


## खबर संक्षेप

### डीसी ने लघु सचिवालय का किया निरीक्षण

**कनीना।** शुक्रवार दोपहर को उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने निर्माणाधीन लघु सचिवालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। दोपहर करीब एक बजे कनीना पहुंची उपायुक्त ने राजस्व लोक निर्माण विभाग भवन एवं रोड, नगर पालिका, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के साथ एसडीएम कार्यालय व बीडीपीओ कार्यालय में बैठक की। इस मौके पर एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, उपपुलिस अधीक्षक डॉ. कविता आदि उपस्थित थे।

### श्री शनिदेव महाराज का जन्मोत्सव आज

**नारनौल।** कुलताजपुर रोड बाइपास के समीप स्थित मंदिर शनि देव महाराज की जोहड़ी पर 16 मई को श्री शनिदेव महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार जन्मोत्सव विशेष है, क्योंकि 150 साल बाद इसी दिन शनि अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है। मंदिर के महाराज मंगलनाथ ने बताया कि जन्मोत्सव के मौके पर सुबह ब्रह्म मुहूर्त में शनि देव का स्नान, पूजन और पंचांग कर्म किया जाएगा।

### श्रीशनि देव जयंती पर भंडारा आज

नारनौल। श्री शनिदेव जयंती के अवसर पर तेजादास आश्रम पटीकरा में 16 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के महंत नंदकिशोर दास महाराज ने बताया कि हर वर्ष शनि जयंती के अवसर पर आश्रम में भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### यादव सभा की बैठक 17 मई को

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला में 17 मई को यादव सभा की एक आम सभा आयोजित की जाएगी। यादव सभा के कन्वीनर डॉ. राजवीर ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे यादव सभा में बैठक का आयोजन किया जाएगा। डॉ. राजवीर ने समाज के सभी लोगों से समय पर पहुंचकर बैठक में भाग लेने की अपील की है।

*महंगाई बढ़ने की आशंका:* नए रेट शुक्रवार सुबह से लागू, बढ़ाए 3-3 रुपये

# ईरान-अमेरिका तनाव व होर्मुज संकट का असर : पेट्रोल और डीजल महंगा

**नारनौल में पेट्रोल 98.54 व डीजल हुआ 91.01 रुपये प्रति लीटर**

नितेश कुमार ▶▶ नारनौल

*ईरान व अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता पैदा हो गई है। युद्ध जैसे हालात बनने से पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन अब यह बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी है*

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव व ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालात का असर अब देश के आम लोगों की जेब पर भी दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आने के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल व डीजल के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। नारनौल में पेट्रोल व डीजल की कीमतों में लगभग तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके बाद पेट्रोल 98.54 रुपये प्रति लीटर व डीजल 91.01 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इससे पहले पेट्रोल 95.54 व डीजल 88 रुपये प्रति लीटर था।

जानकारों के अनुसार इस बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह होर्मुज को लेकर बना संकट और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होना है। ईरान व अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता पैदा हो गई है। युद्ध जैसे हालात बनने से पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन अब यह बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति मार्गों में से एक है। दुनिया के बड़े हिस्से में सप्लाई होने वाला कच्चा तेल इसी समुंद्री रास्ते से होकर गुजरता है। यदि यहां किसी प्रकार की रूकावट आती है, तो पूरी दुनिया में तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ता है। वर्तमान हालात में तेल कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिसके कारण कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाने का फैसला लिया है।

### बिगड़ सकते हैं हालत

फिलहाल जनता की नजरें केंद्र सरकार व अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर टिकी हुई हैं। यदि वैश्विक स्तर पर तनाव कम होता है तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आती है, तो आम जनता को राहत मिल सकती है, लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए निकट भविष्य में महंगाई बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।



नारनौल। पेट्रोल पम्प पर तेल डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लंबे समय से तेल कम्पनियां उठा रही हैं नुकसान

तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार बढ़ती कीमतों के कारण उन्हें लंबे समय से नुकसान उठाना पड़ रहा था। अब कीमतों में बढ़ोतरी कर कंपनियां अपने घाटे को कम करने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि कंपनियों का यह भी संकेत है कि यदि आने वाले दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहती है, तो पेट्रोल व डीजल के दामों में और वृद्धि की जा सकती है।

### आम लोगों का बजट बिगड़ा

वाहन चालकों और आम लोगों में भी बढ़ी कीमतों को लेकर चिंता देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आम नागरिकों के लिए यह बढ़ोतरी अतिरिक्त बोझ साबित होगी। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ने से घरेलू बजट बिगड़ सकता है। वहीं आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ईरान-अमेरिका के बीच तनाव जल्द कम नहीं हुआ और कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित होती रही, तो आने वाले समय में देशभर में ईंधन की कीमतें और बढ़ सकती हैं। इसका असर केवल परिवहन क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कृषि, उद्योग और घरेलू बाजार पर भी पड़ेगा।

### बढ़ेगी महंगाई

ईंधन की कीमतों में हुई इस बढ़ोतरी का असर अब आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ना शुरू हो गया है। परिवहन खर्च बढ़ने से खाद्य पदार्थों, सब्जियों, फलों व अन्य जरूरी सामानों की कीमतों में भी तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर बाजार भाव पर दिखाई देगा।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़े दामों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**नारनौल।** महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती यादव के नेतृत्व में राव तुलाराम चौक रघुनाथपुरा से पेट्रोल पंप तक बढ़ती महंगाई, पेट्रोल, डीजल व गैस के बढ़े हुए दामों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में तख्तियां व कांग्रेस के झंडे लेकर महिलाओं ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आम जनता की आवाज बुलंद की। डॉ. राजवती यादव ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ाने का काम कर रही है। आज पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन रुपये तथा सीएनजी गैस के दामों में दो रुपए की बढ़ोतरी कर सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाओं व मध्यम वर्ग की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। लगातार बढ़ती कीमतों के कारण हर घर का बजट बिगड़ चुका है और आम आदमी का जीवन कठिन होता जा रहा है। पेट्रोल, डीजल व गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों ने आमजन की कमर तोड़ दी है। महिला कांग्रेस ने सरकार से कहा कि तुरंत प्रभाव से पेट्रोल, डीजल व गैस के बढ़े हुए दाम वापस लिए जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। इस मौके पर नीतू, रजनी, पूनम, रीना, कल्पना आदि कार्यकर्ता मौजूद रही।



नारनौल। प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। जेसीबी से अतिक्रमण हटाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## लोक संपर्क एवं भाषा विभाग की जमीन से हटाया अवैध कब्जा

**एसडीएम के निर्देश पर नगर परिषद की जेसीबी ने अवैध दीवार को ध्वस्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला प्रशासन ने शुक्रवार को शहर के पॉश इलाके सुभाष पार्क के सामने स्थित सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग की सात बिस्वा जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है।

राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार खसरा नंबर 780 पर दर्ज यह 1058 वर्ग गज का प्लॉट सरकारी संपत्ति है। कुछ दिन पहले अज्ञात लोगों की ओर से इस पर अवैध रूप से चारदीवारी का निर्माण कर इसे कब्जाने की कोशिश की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने उपायुक्त अनुपमा अंजलि को अवगत कराते हुए निर्धारित प्रक्रिया अपनाई। इस पूरे अभियान का नेतृत्व स्वयं एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने किया।

एसडीएम के निर्देश पर नगर परिषद की जेसीबी ने मौके पर पहुंचकर अवैध दीवार को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि सरकारी संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को भी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए पत्र लिखा है।

## आईपीएल पर सट्टा लगाते चार आरोपित गिरफ्तार

**सट्टा खिलाने में इस्तेमाल किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

थाना शहर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 14 मई को गांव उन्हाणी निवासी सोनू के प्लॉट में बने एक कमरे पर छापेमारी की। इस रेड के दौरान पुलिस टीम ने मौके से चार आरोपितों को रंगे हाथों ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान सोनू निवासी उन्हाणी, जोगेंद्र निवासी चरखी, पिंटू निवासी चेलावास व शुभम निवासी गुढ़ा के रूप में हुई है। पुलिस को मौके पर देखकर इन आरोपितों ने अपने मोबाइल व लैपटॉप छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें काबू कर लिया। पुलिस ने मौके से सट्टा खिलाने में इस्तेमाल किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं, जिनमें दो एंड्रॉयड मोबाइल, एक आईफोन व एक लैपटॉप शामिल है। पुलिस ने मोबाइल में मिले स्क्रीनशॉट की 50 पर्चियां भी बतौर सबूत अपने कब्जे में ली हैं।

## नारनौल और कनीना में 3 नशा तस्करों को गांजा सहित दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से काम करते हुए थाना सदर नारनौल व थाना सदर कनीना की पुलिस टीमों ने अलग अलग मामलों में नशीले पदार्थों गांजा के साथ तीन आरोपितों को काबू करने में सफलता हासिल की है। दोनों ही मामलों में पुलिस की ओर से आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे यह नशीला पदार्थ कहां से लाते थे। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशे का कारोबार करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

***पहला मामला:*** एक मामले में थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव भोजावास के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि भोजावास निवासी प्रदीप मादक पदार्थ बेचने का काम करता है। आरोपित के कब्जे से एक पॉलिथीन में 275 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

***दूसरा मामला:*** वहीं दूसरे मामले में थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव हमीदपुर के पास मौजूद थी, तभी गुप्त सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांजा लेकर आ रहे हैं। कुछ देर बाद मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए, जिन्होंने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से वे नीचे गिर गए और पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान खटोटी खुर्द निवासी हिमांशु व सतनाली निवासी मोहित के रूप में हुई। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास मौजूद एक थैली से दो किलो 43 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में 2.43 किलो ग्राम गांजे के साथ पकड़े गए आरोपित।

पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

## केंद्रीय विवि में एलडीसी लगवाने का झांसा देकर 14.90 लाख ठगे

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एलडीसी लगवाने का झांसा देकर गांव जांट निवासी एक व्यक्ति से 14 लाख 90 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांच की हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जिला पुलिस ने जांट निवासी रोशन सिंह की शिकायत और आर्थिक अपराध शाखा की जांच रिपोर्ट के आधार पर दो आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता रोशन सिंह ने दी शिकायत में बताया कि एक आरोपित ने खुद को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारी का करीबी बताते हुए रोशन सिंह के दो बेटों को एलडीसी क्लर्क के पद पर पक्की नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। आरोपित ने विश्वास दिलाया कि वह विश्वविद्यालय में अपनी ऊंची पहुंच के दम पर दोनों बेटों की नौकरी लगवा देगा। इसके बदले उसने कुल 14 लाख 90 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित रोशन सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने आरोपित को अलग-अलग तारीखों में नकद, फोनपे और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से पैसे दिए। 7.5 लाख विभिन्न किस्तों में नकद, डिजिटल माध्यम से 7.4 लाख रुपए आरोपित और उसके पिता के खातों में दिए। जब काफी समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी और पीड़ित ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपितों ने न केवल पैसे लौटाने से मना कर दिया, बल्कि पीड़ित के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित रोशन सिंह ने दावा किया कि उसने सतर्कता बरतते हुए आरोपितों के साथ हुई बातचीत और पैसों की मांग की ऑडियो रिकॉर्डिंग कर ली थी।

## पिता का साया उठा, मां के साथ मिट्टी बर्तन बेच वैभवी ने 12वीं में पाई प्रदेश में 28वीं रैंक

**वैभवी सुरेड़िया ने 12वीं में 96.08 प्रतिशत अंक लेकर बढ़ाया मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

मन में कुछ कर गुजरने की मंशा हो तो गरीबी भी आड़े नहीं आती। इस तरह का एक उदाहरण अटेली शहर में देखने को मिला। दरअसल, अटेली मंडी की छात्रा वैभवी सुरेड़िया ने 12वीं कक्षा में 500 में से 484 अंक हासिल किए है। इस तरह प्रदेश भर में उसकी 28वीं रैंक है। इस छात्रा वैभवी के पीछे पारिवारिक कहानी अलग है। पिता स्वर्गीय जयपाल सुरेड़िया का करीब एक साल पहले निधन हो चुका है। वैभवी अपनी माता चंद्र ज्योत्स्ना के साथ मिलकर मिट्टी के बर्तन बेचती है। ऐसे में वैभवनी की सफलता सिर्फ अंकों तक सीमित नहीं है बल्कि यह संघर्ष, मेहनत व दृढ़ संकल्प की एक प्रेरणादायक कहानी भी है।

आपको बताते चले कि छात्रा वैभवी के पिता जयपाल दिव्यांग थे और उनका लगभग एक वर्ष पूर्व निधन हो गया था। पिता के निधन के बाद परिवार पर आर्थिक और मानसिक संकट गहरा गया। ऐसे कठिन समय में जहां कई लोग टूट जाते हैं, वहीं वैभवी ने हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रहीं। वर्तमान में वैभवी अपनी माता चन्द्र ज्योत्स्ना के साथ अटेली मंडी में मिट्टी के बर्तन बेचने का कार्य भी करती हैं। घर की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने समय का सही उपयोग करते हुए अनुशासन के साथ पढ़ाई की और शानदार सफलता प्राप्त की। वैभवी ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपनी माता चंद्र ज्योत्स्ना को दिया है। उनका कहना है कि उनकी मां ने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया। उन्हें हिम्मत दी और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव सहित राष्ट्र प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला प्रधान विजय सिंह ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।



मंडी अटेली। अटेली मंडी में मिट्टी के बर्तन बेचती वैभवी। फोटो : हरिभूमि




# माधुरी के जन्मदिन पर फिल्म 'मां बहन' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'मां बहन' का इंतजार अब खत्म हो गया है। आखिरकार, निर्माताओं ने आज फिल्म 'मां बहन' के टीजर के साथ ही इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। शुक्रवार को माधुरी दीक्षित के 59वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने खासतौर पर फिल्म 'मां-बहन' का टीजर जारी किया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'मां बहन' की रिलीज डेट भी बता दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'धक धक हो रहा है? तारीख नोट कर लो। 'मां बहन' 4 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।' यह टीजर 46 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत माधुरी और तृप्ति से होती है। दोनों मिलकर एक लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करती हैं, जिसमें उनकी मदद धर्णा दुर्गा करती हैं।

## लाइफ Style

# आरती
## श्रीमद् भगवद गीता लेकर कान में छा गईं

कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर जहां पहले दिन से ही आलिया भट्ट अपने ग्लैमर अवतार में लगातार नजर आ रही हैं वहीं इस वक्त एक और नाम ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। ये हैं आरती खेतरपाल जिन्होंने वृंदावन थीम के साथ वहां रेड कार्पेट पर सबका दिल मोह लिया है। श्रीमद् भगवद गीता के साथ काम फिल्म फेस्टिवल में उनकी एंट्री ने अब खूब तलहका मचा दिया है। हर तरफ उनकी जोर-शोर से चर्चा चल रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आरती खेतरपाल मूल रूप से भजन सिंगर हैं। साल 2018 में मीका सिंह के गाने 'समा' में नजर आईं और इससे उन्हें पहचान भी मिली। वो वृंदावन में रहकर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता से जुड़ी बातें शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा कुतुब मीनार, रागिनी एमएमएस रिटर्न्स, प्यार इश्क रेंट, मुस्कुराहटें, इनसाइड ऐज जैसे शोज में नजर आईं। कान के रेड कार्पेट पर भारतीय परंपरा, सनातन धर्म , वृंदावन की झलकियां, श्रीमद् भगवद गीता , मंत्र जाप की थेली, हरे कृष्णा मंत्र जैसी चीजों को अपने में समेटे हुए आरती ने एक मिसाल कायम कर दी। इस बार इस इवेंट में कुछ ऐसा हुआ जो इससे पहले कभी नहीं हुआ। बता दें कि आरती का ये अंदाज किसी फैशन को लेकर नहीं बल्कि ये चीजें उनकी आस्था और विश्वास को बयां कर रहे थे। उनके हाथ में भगवद गीता था जो काफी अर्थपूर्ण लग रहा था। आरती इस ग्लैमरस मौके पर आध्यात्मिक भाव से भरी दिखीं जैसे वो यहां सनातन धर्म को प्रतिनिधित्व कर रही हों। आरती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'और फिर कान के इतिहास में पहली बार उन्होंने वैष्णवों और कृष्ण को समर्पित एक भेंट के रूप में गर्वपूर्वक कान के रेड कार्पेट पर सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। यह ईश्वर में विश्वास रखने वाले हर इंसान के लिए है।' पोस्ट में आगे लिखा गया है, 'हमारे सभी गुरुओं और संतों को, जो हमें जप करना सिखाते हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# द बैटमैन 2 में स्कारलेट सेबेस्टियन शामिल

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशक मैट रीव्स ने द बैटमैनः पार्ट 2 की कास्ट में कई नए कलाकारों के शामिल होने की पुष्टि की है। ये घोषणाएं सोशल मीडिया पर की गईं, जहां रीव्स ने स्कारलेट जोहानसन, सेबेस्टियन स्टेन और चार्ल्स डांस का गोथम यूनिवर्स में स्वागत किया। यह घोषणा उन खबरों के सामने आने के कुछ महीनों बाद आई है जिनमें कहा गया था कि जोहानसन (ब्लैक विडो) और सेबेस्टियन स्टेन (द अप्रेंटिस) इस सीक्वल में रॉबर्ट पैटिनसन के साथ जुड़ेंगे। खबरों के मुताबिक, स्टैन हार्वे डेंट का किरदार निभाएंगे, जबकि जोहानसन कथित तौर पर उनकी पत्नी गिल्डा का किरदार निभाएंगी। यह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में विंटर सोल्जर और ब्लैक विडो का किरदार निभाने वाले सितारों का रियूनियन होगा। वहीं दूसरी ओर, डांस हार्वे के पिता चार्ल्स डेंट का किरदार निभाएंगे।



# बारबरा ने की प्रेगनेंसी की घोषणा, पति डेलन भी दिखे साथ

**पेरिस।** मॉडल बारबरा पेल्विन और उनके पति, अभिनेता डेलन स्प्राउस ने अपनी पहली गर्भावस्था की खुशखबरी का ऐलान कर दिया है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर उन्होंने इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने साशोल मीडिया हैंडल पर भी एक खास पोस्ट शेयर किया है। गुरुवार को बारबरा और उनके पति डेलन कान 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंचे। बारबरा हल्के नीले सैटिन गाउन में बहुत खूबसूरत लग रही थीं। उनके पति डेलन क्लासिक टक्सीडो में हैंडसम दिख रहे थे। दोनों ने बारबरा के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए तस्वीरें खिंचवाईं। बारबरा ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेगनेंसी की खुशखबरी शेयर की है। बारबरा ने इस पोस्ट में अपने बच्चे की सोनोग्राफी (अल्ट्रासाउंड) की तस्वीर भी शेयर की है। बारबरा और डेलन को कई सेलेब्स बधाई दे रहे हैं। बारबरा और डेलन की पहली मुलाकात 2017 में एक पार्टी के दौरान हुई थी। बाद में बारबरा ने डेलन को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया और बातचीत शुरू हो गई। 2018 में डेलन चीन शूटिंग के लिए गए थे। बारबरा उनसे मिलने चीन चली गईं। 2018 जून में दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी और रिश्ते को सार्वजनिक भी किया। जनवरी 2019 में दोनों एक साथ रहने लगे। जुलाई 2023 में बुडापेस्ट के एक चर्च में दोनों ने शादी कर ली।



# रूपी ने कान फिल्म फेस्टिवल में बिखेरा जलवा

**मुंबई।** पंजाबी अभिनेत्री रूपी गिल ने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के रेड कार्पेट पर बहुत खूबसूरती से एंट्री की। उन्होंने पंजाबी सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया और अपनी आने वाली फिल्म 'चढ़दी कला' का प्रचार किया। यह फिल्म 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कान 2026 में रूपी गिल पारंपरिक पंजाबी कपड़ों में सजी हुई नजर आईं। उन्होंने हल्के क्रीम रंग (आइवरी) का शरारा सेट पहना है। इसमें छोटा कुर्ता और घेरदार शरारा पैंट है, जिस पर सोने के रंग की सुंदर कढ़ाई और प्रिंटिंग की गई है। इस पंजाबी लुक में सबसे खास रूपी का फुलकारी स्टाइल का आइवरी दुपट्टा लगा, जिसके किनारों पर भारी सोने की कढ़ाई है। उन्होंने दुपट्टा पारंपरिक पंजाबी तरीके से सिर पर ओढ़ रखा है। उन्होंने इस लुक को पारंपरिक गहनों से पूरा किया।




# गुजराती फिल्म लालो ने रचा इतिहास

**मुंबई।** गुजराती फिल्म 'लालो- कृष्ण सदा सहायते' ने कान फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रच दिया है। यह उन पहली गुजराती फिल्मों में से एक बन गई है जो ग्लोबल लेवल पर पहुंची है। यह फिल्म भारत की क्षेत्रीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले गई है। कान में 'लालो' का पहुंचना गुजराती सिनेमा के लिए मील का पत्थर है। फिल्म की कामयाबी और ग्लोबल पहचान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, निर्माताओं ने इस पूरे सफर के दौरान सपोर्ट देने के लिए दर्शकों को धन्यवाद कहा है। फिल्म के निर्देशक अंकित सखिया ने एक बयान में कहा 'कान फिल्म फेस्टिवल में 'लालो' की अगुआई करना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और यह फिल्म ही हमें यहां तक लाई है। हमें 'लालो' के जरिए गुजरात और उसकी संस्कृति का एक छोटा सा हिस्सा ग्लोबल स्तर पर ले जाने का सम्मान मिला है।

## टीवी मसाला



# ओटीटी पर एक नए ट्विस्ट के साथ रिलीज होगी धुरंधर 2

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' ने बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यह 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। अब भी यह भी फिल्म सिनेमाघरों में मौजूद है, इसे रिलीज हुए 57 दिन हो चुके हैं। जल्द ही यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम होगी। लेकिन, एक नए ट्विस्ट के साथ फिल्म 'धुरंधर 2' ओटीटी पर दर्शकों को देखने को मिलेगी। धुरंधर 2' जल्द ही जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। 4 जून को इसका डिजिटल प्रीमियर होगा, इसमें एक्टर्स से बातचीत भी शामिल होगी। अगले दिन यानी 5 जून को यह इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। दर्शकों को ओटीटी पर 'धुरंधर 2' का बिना काट-छांट वाला वर्जन देखने को मिलेगा। जो सीन्स थिएटर में दर्शकों को देखने को नहीं मिले, वह ओटीटी पर नजर आ सकते हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' को सिनेमाघरों में 57 दिन हो चुके हैं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। इसने 57वें दिन 42 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1,144.56 करोड़ रुपये हो चुका है। यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं वर्ल्डवाइड भी इस फिल्म ने 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, गौरव गेरा, राकेश बेदी, संजय दत्त जैसे उम्दा कलाकार नजर आए। फिल्म को आदित्य धर ने निर्देशित किया था। इस फिल्म का पहला पार्ट भी दर्शकों को पसंद आया था।

## अनदेखी में नजर आ रहीं लवीना

**नई दिल्ली।** जोधा अकबर टीवी का पॉपुलर शो है, जिसने दो साल में फैंस के दिलों पर राज किया। इस शो को एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिम्स के जरिए प्रोड्यूस किया। वहीं, रजत टोकस ने अकबर की भूमिका अदा की और परिधि शर्मा ने जोधा बाई का किरदार निभाया।



इसके अलावा एक्ट्रेस लवीना टंडन भी जोधा अकबर शो में नजर आईं। उन्होंने अकबर की पहली पत्नी रुकैया सुल्तान बेगम का किरदार निभाया। वह इस किरदार में खूब पॉपुलर हुईं। जबकि स्माइली सूरी ने उनसे पहले कुछ एपिसोड में रुकैया बेगम का किरदार निभाया था। लवीना टंडन टीवी की दुनिया से भले ही दूर हैं। लेकिन, ओटीटी पर इन दिनों वह छाई हुई हैं। वह अनदेखी और लुक्खे में नजर आ रही हैं। अनदेखी में उनका किरदार एक पुलिसवाली का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। जबकि लुक्खे में उनका किरदार काफी अलग है. वह गालियां देती, ड्रग्स बेचती और बंदूक चलाती दिख रही हैं। लवीना टंडन ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट टीवी की दुनिया में कदम रखा था। वह 2004 में तुम बिन जाऊं कहां से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।

# अक्षय के डायलॉग से लेकर सुनील की कॉमेडी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** इस साल की मोस्ट अवेटेड कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर आज रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार की परफेक्ट कॉमेडी और बाकी सितारों के कॉमिक अंदाज से भरपूर यह टीजर एक शानदार फैमिली एंटरटेनर है। आखिरकार, शुक्रवार को अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का ऑफिशियल टीजर जारी कर दिया गया है। अक्षय कुमार की जबरदस्त कॉमेडी और बाकी सितारों के मजेदार अंदाज से भरा यह टीजर पूरे परिवार के लिए बहुत अच्छा मनोरंजन है। टीजर की शुरुआत अक्षय कुमार के एक मजेदार डायलॉग से होती है। वे कहते हैं, 'सूचना- इस फिल्म में किसी भी जानवर का इस्तेमाल नहीं किया गया है, सिवाय कुछ घोड़ों के और हम...।' 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर में बहुत हंसी-मजाक है। सबसे ज्यादा मजेदार अक्षय कुमार के डायलॉग हैं। सुनील शेट्टी जब अक्षय पर गोली चलाते हैं और उनसे पूछते हैं, 'तू मरता क्यों नहीं?' तब अक्षय कहते हैं- 'मैं मरने में जान डाल रहा हूं।' फिल्म के टीजर में कॉमेडी, कन्फ्यूजन और अफरा-तफरी से भरा माहौल दिखाया गया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका देखने को मिलता है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कुल 34 कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी,



दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जॉनी लीवर, तुषार कपूर और राजपाल यादव। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। इस फिल्म को राकेश डांग, वेदांत विकास बाली और फिरोज ए. नाडियाडवाला ने मिलकर निर्मित किया है।

# इस एक्ट्रेस ने किया 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई मल्टी टैलेंटेड स्टार रहे हैं, लेकिन किसी एक्ट्रेस का मल्टी टैलेंटेड होना और 2 हजार से ज्यादा फिल्मों में नजर आना किसी अजूबे से कम नहीं है। इतना ही नहीं, ब्रह्मानंदम ने भी 1000 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है, लेकिन 2000 से ज्यादा का आंकड़ा सिर्फ एक एक्ट्रेस ने ही छुआ है और उनका नाम है- सुकुमारी। सुकुमारी ने ना सिर्फ अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाईं ,बल्कि अपने 6 दशक से ज्यादा के कॅरियर में तकरीबन 2500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। एक्ट्रेस ने अपनी मर्जी से डिक अम्माई (बोइंग बोइंग) से देवकी (अरप्पट्टा केट्टिया ग्रामथिल) का रूप धर सकती थीं। उनके लिए, रेवती (पूचक्कोरू मूककुथी) से सुलोचना थंकप्पन (थलयनामंत्रम) तक का सफर उतना ही आसान था, जितना मैगी आंटी (वंदनम) से कन्नप्पा चेकावर की पत्नी (ओरु वडक्कन वीरगाथा), सुभद्रा कुंजम्मा (चक्कीकोथा शंकरन), और नबीसा (मिझिकल साक्षी) तक का सफर।

## मुश्किल है ये रिकॉर्ड तोड़ना



**एक्ट्रेस की फिल्म देखने में लगेंगे 6 साल** : दिलचस्प बात है कि अगर आज से हम रोज सुकुमारी की एक फिल्म देखें तो उन्हें निपटाने में लगभग 6 साल का टाइम लग जाएगा। एक्ट्रेस ने मलयालम से लेकर तमिल, तेलुगु, ओड़िया, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

### 10 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर शुरुआत की

6 अक्टूबर, 1940 को जन्मी सुकुमारी ने महज 10 साल की उम्र में तमिल फिल्म 'ओर इरावु' (1951) से बड़े पर्दे पर अपनी शुरुआत की। निर्देशक पी. नीलकांतन ने उन्हें इस फिल्म में एक भूमिका का प्रस्ताव दिया, जब संयोगवश वे अपने एक रिश्तेदार- दिग्गज अभिनेत्री पद्मिनी ('त्रावणकोर सिस्टर्स' तिकड़ी में से एक) के साथ फिल्म के सेट पर मौजूद थीं और निर्देशक की नजर उन पर पड़ गई। डांस के लिए उनके जुनून और उनकी स्वाभाविक एक्टिंग स्टाइल ने उन्हें बहुत जल्द ही फिल्म जगत में एक प्रमुख हस्ती बना दिया। सुकुमारी एक बेहतरीन एक्टर तो थी ही साथ ही वे एक कमाल की डांसर भी थीं। भरतनाट्यम और कथकली पर उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके आंखों के एक्सप्रेशन दर्शकों को दिल जीत लेते थे।

## ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी

# इस दर्दभरे गाने के लिए रफी को लेने पड़े थे 47 रीटेक

**नई दिल्ली।** मोहम्मद रफी एक ऐसे सिंगर थे जिनकी आवाज सबके दिलों को छू देती थी और सबको अपना दीवाना बना देती थी। आज तक उनके कुछ प्यार और दर्द भरे ऐसे गाने हैं जो जेन जी जनरेशन तक सुनती है और उसको अपनी लाइफ से रिलेट भी करती है। रफी साहब की आवाज की एक खास बात यह थी कि ऐसा लगता था कि वह सामने बैठकर आपके दिल का हाल बयां कर रहे हैं। वैसे तो मोहम्मद रफी पहले ही टेक में बड़े से बड़ा गाना गा देते थे, लेकिन एक ऐसा गाना था जिसे गाते हुए वह संतुष्ट ही नहीं हो रहे थे और इसके लिए उन्होंने 47 रीटेक तक ले लिए थे।

### एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी

बता दें कि फिल्म के बनते वक्त एसडी बर्मन की तबीयत बिगड़ गई थी। देव आनंद हालांकि एसडी बर्मन के साथ ही म्यूजिक डायरेक्ट करवाना चाहते थे इसलिए उन्होंने उनके ठीक होने का इंतजार किया और जैसे ही वह ठीक हुए इसके बाद उन्होंने कम्पोजिशन शुरू किया और फिर बेस्ट म्यूजिक दिया।




### रफी साहब के अवॉर्ड्स

मोहम्मद रफी ने अपने करियर में 7000 से ज्यादा गाने गाए हैं जिसमें से 14 इंडियन और 4 विदेशी गाने हैं। उनकी आवाज ने कई एक्टर्स को अपनी आवाज दी है और उनके करियर को नई पहचान दिलवाई है। इतना ही नहीं, रफी साहब को अपनी जादुई आवाज के लिए कई अवॉर्ड्स जीते हैं जिसमें 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और पद्मश्री अवॉर्ड भी जीते हैं।

### 2 भाषा में बनी थी यह फिल्म

गाइड फिल्म की बात करें तो यह देव आनंद की पहली कलर फिल्म थी। दिलचस्प बात यह है कि यह मूवी 2 भाषा में बनी है हिंदी और इंग्लिश वर्जन में। देव आनंद के छोटे भाई विजय आनंद ने इंग्लिश वर्जन लिखा था राइटर पर्ल एस बक के साथ और डायरेक्ट टेज डैनियलवेस्की ने किया है। हालांकि इंग्लिश वर्जन को ज्यादा हाइप नहीं मिला यहां, लेकिन 2007 कान फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन होने के बाद इसे पॉपुलैरिटी मिली। हालांकि, काफी मुश्किल था इस फिल्म को बनाना। ऐसा कहा जाता है कि पहले मेकर्स ने सोचा कि एक ही लोकेशन पर पहले हिंदी भाषा में शूट किया और फिर वहीं पर इंग्लिश भाषा में। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं और फिर अलग-अलग शूटिंग की गई।

### गाइड फिल्म का दर्दभरा गाना

जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है 'दिल ढल जाए'। यह गाना गाइड फिल्म का है, जिसे मोहम्मद रफी ने गाया है। इस गाने के म्यूजिक डायरेक्टर एसडी बर्मन हैं। वहीं, शैलेंद्र ने लिरिक्स लिखे हैं।

### दिल टूटने पर बना है यह गाना

दिल ढल जाए गाना दिल टूटने के दर्द पर आधारित है। इस गाने में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान थीं। रफी साहब ने जब यह गाना गाया तो सबको काफी अच्छा लगा। एसडी बर्मन ने तो पहले ही टेक में उन्होंने पसंद कर लिया था। लेकिन, रफी को लगा कि यह परफेक्ट नहीं है। रफी साहब ने फिर 2-4 नहीं बल्कि 47 रीटेक लिए। इसके बाद जाकर उन्हें लगा कि उन्होंने कुछ परफेक्ट किया है, तब यह गाना फाइनल हुआ। जब यह गाना बन गया तब एसडी बर्मन ने उन्हें गले लगाकर कहा कि तुमने हिंदी सिनेमा को एक अमर गीत दिया है।

### धुन बनाना भी था काफी मुश्किल

वैसे ऐसा भी कहा जाता है कि इस गाने की धुन को बनाना भी आसान नहीं था। एसडी बर्मन ने बेटे आर डी बर्मन और संगीतकार जयदेव ने देर रात 11 बजे तक काम किया था।

## खबर संक्षेप

### मॉडर्न स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य प्रदीप कुमार ने बताया कि इस वर्ष कुल 88 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। परीक्षा परिणाम में 18 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, जबकि 53 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

### श्रीराम स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**नांगल चौधरी।** श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। चेयरमैन एडवोकेट अनिल यादव मांदी ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य धर्मबीर दहिया ने बताया कि छात्रा प्रियंका रावत ने 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ऋषु ने 98.20 प्रतिशत, राधिका ने 97.80 प्रतिशत, दीक्षा ने 97.20 प्रतिशत, सानवी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा हिमांशु ने 96 प्रतिशत, पूजा ने 95.80 प्रतिशत, वीरेन ने 95.60 प्रतिशत, नंदिनी सिराधना ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### सिटी वर्ल्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**महेंद्रगढ़।** सिटी वर्ल्ड स्कूल पालड़ी पनिहार के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय से विज्ञान संकाय में तेजस वशिष्ठ ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व मोहित ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, वहीं विद्यार्थियों ने विषयवार परिणाम में केमिस्ट्री में 98, फिजिकल एजुकेशन 93, पेंटिंग 91, म्यूजिक 89, फिजिक्स 86, अंग्रेजी 86 तथा बायोलॉजी में 84 अंक हासिल किए। 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

### सरस्वती स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**नांगल चौधरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि 10वीं की परीक्षा में 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया था तथा सभी सफल घोषित हुए हैं। 32 विद्यार्थियों में से 17 ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में मनीष कुमार पुत्र झाबरमल ने 434 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पाया।

### अनीश ने 95.75 प्रतिशत के साथ नॉन मेडिकल में पाया प्रथम स्थान

# देवयानी स्कूल की बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अनीश पुत्र संजय ने 95.75 प्रतिशत के साथ नॉन मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमकुम पुत्री सुधीर ने 94 प्रतिशत अंक के साथ मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 40 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में नाम दर्ज किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि हमारे स्कूल का परीक्षा परिणाम इसलिए खास है कि प्रत्येक विद्यार्थी ने 60 प्रतिशत से अधिक प्राप्त कर फर्स्ट पोजीशन से बारहवीं कक्षा पास की है। उन्होंने बच्चों की इस उपलब्धी को देखकर सभी गुरुजनों का आभार प्रकट किया कि उन्होंने निचले पायदान पर रहने वाले बच्चे को तैयार कर उन्हें फर्स्ट पोजीशन पर पहुंचने के लिए जो प्रयास किया, वह बड़ा सराहनीय है। सभी बच्चों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और अध्यापकों का उचित मार्गदर्शन से बच्चों ने नया आयाम स्थापित किया। स्कूल प्रांगण में सभी बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## आरडी ग्रीन फिल्ड्स स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 10वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में आरडी ग्रीन फिल्ड्स पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम एक बार फिर बेहतरीन रहा। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। मुस्कान 95 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, हेमंत कुमार ने 93 प्रतिशत, मनीषा ने 92.2 प्रतिशत व गरिमा ने 91.6 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरा तीसरा व चौथा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 31 बच्चों में से 21 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉ. देवेंद्र सिंह ने सभी बच्चों, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ को शुभकामना देकर उनको सम्मानित किया। सीईओ डॉ. हनुमान यादव ने बताया कि इस परिणाम के पीछे हमारे बच्चों एवं अभिभावकों की मेहनत एवं अनुशासन एक प्रमुख कारण रहा है और उन्होंने छात्रा मुस्कान को 5100 रुपये देकर सम्मानित किया। प्राचार्य भरत सिंह ने इस परीक्षा परिणाम को भविष्य में और भी उत्कृष्ट एवं बेहतरीन बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने बताया कि स्कूल का विषयवार परिणाम भी बहुत बेहतरीन रहा। जहां 21 बच्चों ने मेरिट में नाम दर्ज करवाया, उनमें से 10 बच्चे विषयवार परिणाम में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेने में सफल रहे।



## हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में परीक्षा परिणाम पर हुआ सम्मान समारोह

**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्रा करिश्मा पुत्री प्रदीप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसके अलावा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित दिल्ली ओलंपिक गेम्स में भी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के पांच प्रतिभागियों में से तीन हर्ष, श्रद्धा और सम्राट ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया और अपनी उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि चेयरमैन शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया।



## नेशनल मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**महेंद्रगढ़।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नेशनल स्कूल का परिणाम रहा श्रेष्ठ रहा। विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया की विद्यालय के छात्र दीपांशु ने 500 में से 486 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर छात्रा अनुजा रहीं, जिसने 500 में से 471 अंक प्राप्त किए, तीसरे स्थान पर छात्रा पायल रहीं, जिसने 500 में से 457 अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थी मेरिट से पास हुए। विद्यालय चेयरमैन प्रमोद शास्त्री ने इस सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्राचार्य स्टाफ सदस्यों विद्यार्थियों वी अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम के साथ सच्ची लगन से कोई कार्य किया जाए तो उसमें जरुर कामयाबी मिलती है।

## हिंदू विद्यालय में हुआ सम्मान समारोह



**महेंद्रगढ़।** हिंदू विद्यालय में 10वीं व 12वीं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निदेशक गजेन्द्र यादव ने बताया कि 12वीं में सचिन पुत्र अनिल कुमार ने 90 प्रतिशत अंक हासिल करके प्रथम, भावना पुत्री रतिपाल ने द्वितीय व सागर पुत्र संजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दसवीं कक्षा में कंचन पुत्री प्रेम सिंह ने 93 प्रतिशत, हर्षिता पुत्री प्रवीण कुमार ने 90 व दिक्षु पुत्र रघुनाथ सिंह ने 85 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों कक्षाओं में सभी विद्यार्थी मेरिट से पास हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति 100 प्रतिशत रहा। प्राचार्य सरिता यादव ने सभी को शुभकामना दी व निरंतर मेहनत के बल पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सभी स्टाफ सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भारती पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परिणाम

**नारनौल।** शहरी क्षेत्र नूनी अव्वल में स्थित भारती पब्लिक स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के अधीन घोषित दसवीं कक्षा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।संस्था के चेयरमैन हजारी लाल ने बताया कि कुमारी पायल ने 500 में से 475 अंक (95 प्रतिशत), नितिन ने 454, मिलन दहिया ने 450, राधिका ने 436, यश ने 436, भूमिका ने 431, जवेश ने 423, मुस्कान ने 418, प्रिया ने 418, योगिता ने 416, तनिश ने 416, गौरव ने 413, कशिश ने 411 और अल्केश ने 403 अंक हासिल कर राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान पाया है। अन्य विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन से ऊपर अंक प्राप्त करके माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। चेयरमैन ने खुशी जताते हुए शिक्षक अभिभावक व विद्यार्थियों की प्रशंसा की और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## सरस्वती पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय



**कनीना।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भड़फ ने दसवीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि परीक्षा देने वाले सभी 54 परीक्षार्थी सफल तो हुए ही हैं, साथ ही 35 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा मुस्कान पुत्री राजेश भड़फ ने 476 अंक लेकर प्रथम, कोमल पुत्री दीपचंद भड़फ 473 अंक लेकर दूसरे, 472 अंक लेकर गौरव पुत्र प्रवीण कोटिया तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार 468 अंक लेकर निशांत करीरा चौथे और 462 अंक लेकर आकांक्षा पांचवें स्थान पर रही। विद्यालय की विशेष उपलब्धि यह रही की विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले 10 विद्यार्थी और 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले 35 विद्यार्थी रहे।

## खबर संक्षेप



### एसडी स्कूल खेड़ी तलवाना ने लहराया परचम

**कनीना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एसडी खेड़ी तलवाना विद्यालय ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए क्षेत्र में शिक्षा का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मेधावी छात्रा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विद्यालय के 70 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी मेधावी सूची में शामिल रहे। शेष सभी विद्यार्थियों ने भी 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में गणित व सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक, अंग्रेजी व विज्ञान में 98 अंक, संगीत में 98 अंक, हिंदी में 95 अंक प्राप्त किए।



### शहबाजपुर स्कूल में मेधावी प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**नांगल चौधरी।** शहबाजपुर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी विकास जयदीप, पंचायत समिति के चेयरमैन कर्मपाल, सरपंच बिक्रम सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा के 36 विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाया तथा 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार 10वीं कक्षा में 38 विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की।

## श्रीकृष्णा स्कूल का बारहवीं कक्षा का रहा शत-प्रतिशत रिजल्ट

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में श्रीकृष्णा स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम के बाद स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। सीनियर हेड संदीप कुमार ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। परीक्षा में कुल 241 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे और सभी ने सम्मान परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि पीयूष शर्मा ने नान मेडिकल संकाय में 95.2 प्रतिशत अंक, दीपांशू ने 94.8 प्रतिशत व शिवानी आर्ट संकाय से 94.6 अंक प्रतिशत अंक प्राप्त किए, सुमित कामर्स संकाय से 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सीनियर हेड ने कहा कि विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। वहीं, 86 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 170 छात्र-छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। संगीत विषय में रिकार्ड 22 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक अर्जित किए हैं। इसके अलावा गणित में एक विद्यार्थी और रसायन विज्ञान में भी एक विद्यार्थी ने 100/100 का परफेक्ट स्कोर हासिल किया है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि यह सफलता हमारे विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का प्रतिफल है। सीईओ कर्मवीर राव ने कहा कि 12वीं कक्षा के यह अंक आपके भविष्य के करियर की मजबूत नींव हैं।



पीयूष



दिपांशु



शिवानी

## एसडीएम स्कूल के छात्रों का परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कनीना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड 0भिवानी की ओर से 10वीं कक्षा के परिणाम में एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छिथरौली के छात्रों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रधानाचार्य रेखा दांगी ने बताया कि घोषित परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। घोषित परिणाम में अमन ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, मीनाक्षी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व साहिल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय मेरिट 80 प्रतिशत से ऊपर 13 बच्चे, 70 प्रतिशत से ऊपर 23 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर अजमेर सिंह दांगी ने परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को शानदार रिजल्ट के लिए बधाई देते हुए बच्चों की प्रशंसा की।



## राव रामचंद्र स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा में लहराया परचम




**कनीना।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राव रामचंद्र मेमोरियल स्कूल का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। परीक्षा में वंशिका पुत्री बलदेव स्कूल टॉपर रहीं। वंशिका ने 96.60 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कोमल पुत्री बिजेंद्र ने 94.20 अंक लेकर द्वितीय और अंतिम पुत्री सुनील ने 93.80 अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। डायरेक्टर विपुल यादव ने बताया कि विद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक योग्यता का परिचय दिया है, जिसमें केशव पुत्र सोमवीर ने 93.60, तानिया पुत्री मनोज ने 91.80, दिव्या पुत्री मनीष ने 90.20 और दिव्या पुत्री सुखबीर ने 90 शामिल है। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है। चेयरमैन रोशन लाल ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

### केएल मेमोरियल स्कूल में हुआ सम्मान समारोह



**नांगल चौधरी।** केएल मेमोरियल स्कूल इस्लामपुरा में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह प्राचार्य राजबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के चेयरमैन सुभाषचंद ने बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करके परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा की परीक्षा में 105 विद्यार्थियों बैठे थे। जिनमें से 14 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं 90 से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 12 विद्यार्थी रहे। 85 से 90 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले 22 तथा 80 से 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 19 विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। चेयरमैन सुभाषचंद ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनतए शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै नार सिंह पुत्र प्रभातीलाल वासी ढाणी छिलरा वाली तन बामनवास खेता तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लड़का दिनेश व उसकी पत्नी सुमन मेरे कहने सुनने से बाहर है व मेरा कोई कहना नहीं मानते है। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखज करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

समीक्षा | एसडीएम उदय सिंह ने ली प्राइवेट स्कूल संचालकों की बैठक

# सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लागू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

क्षेत्र में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकार और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बात एसडीएम उदय सिंह ने शुक्रवार को निजी स्कूल संचालकों के साथ सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर हुई समीक्षा बैठक में कही। एसडीएम ने बैठक में मौजूद संचालकों को स्पष्ट कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने हरियाणा सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को भारी भरोसे के साथ स्कूल भेजते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना स्कूल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्कूल बसों की फिटनेस, चालक, परिचालक का सत्यापन और वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की मौजूदगी जैसे तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निर्धारित हर मानक को पूरा किया जाए, ताकि सड़कों पर मासूमों का सफर पूरी तरह सुरक्षित रहे। एसडीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्कूल प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है।



नांगल चौधरी। शिक्षा अधिकारियों व स्कूल संचालकों की बैठक लेते एसडीएम उदय सिंह। फोटो : हरिभूमि

### हर 15 दिन में एक गेट मीटिंग होनी चाहिए

उन्होंने चालकों और परिचालकों की मानसिक दशा पर विशेष ध्यान देने को कहा। चालक परिचालक यदि अवसाद में हो तो उन्हें तुरंत मनोचिकित्सक को दिखाएं। हर 15 दिन में एक गेट मीटिंग होनी चाहिए, जिसमें चालकों व परिचालकों को सुरक्षित और धीरे चलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने उपमंडल अधिकारी नांगल चौधरी को यह भरोसा दिलाया कि वह इस विषय को पूरी गंभीरता के साथ लेंगे और भविष्य में कोई दुर्घटना न हो इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे।



## एसपीजी आईएएस स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**महेंद्रगढ़।** डुलाना चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस के विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा अंजिता पुत्री शेर सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि पुत्री अनिल कुमार ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं यशवी पुत्री दीपेंद्र ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन डॉ. विरेंद्र राव डुलाना ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## आईटीआई में जून माह के प्रथम सप्ताह से शुरू होगी दाखिला प्रक्रिया

**महेंद्रगढ़।** आगामी सत्र 2026-27के लिए हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आगामी सत्र 2026-27 की दाखिला प्रक्रिया जून माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ की जानी है। इस विषय में एमडीएस औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जाटवास के निदेशक एडवोकेट गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने के लिए इच्छुक प्रार्थी के पास अपना स्वयं का आधार नंबर, मोबाईल नंबर, ई-मेल आईडी एवं परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै राजेंद्र कुमार पुत्र माडू राम वासी गांव भूषण कलां तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लड़का आशीष कुमार व उसकी पत्नी ममता खड़ेलवाल मेरे कहने सुनने से बाहर है व आए दिन घर में लड़ाई–झगड़ा करते रहते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल सपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं,कुलदीप कुमार G/124844K रैंक RFN/GD पुत्र धर्मपाल निवासी नांगल हरनाथ, पोस्ट ऑफिस बवानिया, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम रेखा शर्मा है जो गलत है वास्तविक नाम रेखा है मेरे पिता धर्मपाल की जन्म तिथि 01-07.1955 है जो गलत है वास्तविक जन्मतिथि 18.8.1956 है

## खबर संक्षेप

### हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने जताया विरोध

**नांगल चौधरी।** तमिलनाडू के सीएम की ओर से सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी पर हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश रावत ने विरोध जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विवादित बयान को वापस लेने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा हिंदू महासभा की ओर से विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में मानवसेवा व परोपकार भावना का समावेश है। जिससे सभी धर्मों को सात्विक विचारधारा का संदेश मिलता है और राष्ट्र के विकास में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। बावजूद तमिलनाडू के सीएम ने सनातन धर्म पर घटिया टिप्पणी करके हिंदुओं का मजाक उड़ाया है।

### मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने बाइक चोरी

**महेंद्रगढ़।** शहर के एक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सामने बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बोचारिया निवासी शिकायतकर्ता दीपक यादव ने दी शिकायत में बताया कि 15 मई को दोपहर लगभग 3:40 बजे उन्होंने अपनी बाइक को अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की थी। जब वे वापस लौटे, तो वाहन वहां से गायब था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

30 जून तक मांगें लागू नहीं हुईं तो एक जुलाई से दोबारा आंदोलन का ऐलान

# समझौते के बाद आंदोलनकारी कर्मियों की हड़ताल हुई खत्म, सफाई शुरू

**छह घंटे चंडीगढ़ में चली अहम वार्ता में बनी ऐतिहासिक सहमति, नगर पालिका और फायर विभाग के कर्मचारियों में खुशी की लहर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ एवं अग्निशमन विभाग कर्मचारी संघ (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) और हरियाणा सरकार के मंत्रिमंडल के बीच हुई वार्ता में कर्मचारियों की अनेक लंबित मांगों पर महत्वपूर्ण सहमति बन गई, जिससे प्रदेशभर में चल रही नगर पालिका सफाई कर्मचारियों एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई। इससे कर्मचारियों में उत्साह बन गया है। जहां हड़ताल खत्म करने उपरांत नगर परिषद में जहां आंदोलनकारियों को फूल मालाएं पहनाकर उनको सम्मानित किया गया, वहीं उन्होंने झाड़ू उठा लिया और शहर में सफाई कार्य शुरू कर दिया, जिससे शहरवासियों ने राहत की सांस ली। यह हड़ताल 15 दिन तक चलने से शहर में सफाई कार्य ठप था।

यह रहे प्रमुख तौर पर मौजूद

इस बैठक में राज्य कैशियर महेंद्र सिंह, नगर पालिका जिला प्रधान राहुल सारवन, नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई प्रधान भूपेंद्र सिंह, फायर विभाग इकाई प्रधान गुरदयाल सिंह सहित सभी पालिकाओं के कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।




नारनौल। आंदोलन समाप्ति पर फूल मालाओं से आंदोलनकारियों को सम्मानित करते व हड़ताल खत्म होने पर सफाई शुरू करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मांगें पूरी नहीं की तो फिर होगी हड़ताल

हालांकि, यूनियन ने स्पष्ट कहा कि यदि इन मांगों को निर्धारित समयसीमा तक लागू नहीं किया गया, तो एक जुलाई से प्रदेशभर के सभी कर्मचारी पुनः आंदोलन शुरू करेंगे। इस स्थिति में जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। यह समझौता हरियाणा के कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे न केवल कर्मचारियों में भरोसा बढ़ा है, बल्कि राज्य सरकार और कर्मचारियों के बीच सहयोग की नई शुरुआत भी हो गई है।

## काम पर लौटे सफाई कर्मचारी, शहर की सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटी

**महेंद्रगढ़।** शहर में पिछले 14 दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई। हड़ताल खत्म होने के बाद शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी काम पर लौट आए और पूरे शहर में सफाई अभियान शुरू किया गया। कर्मचारियों के काम पर लौटते ही नगर पालिका की सफाई व्यवस्था फिर से पटरी पर आती दिखाई दीं। शहर के मुख्य बाजारों, सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा कचरे को हटाने का कार्य तेजी से शुरू किया गया। बीते दो सप्ताह से सफाई कार्य ठप होने के कारण शहर के कई इलाकों में गंदगी का अंबार लग गया था।



महेंद्रगढ़। शहर में सफाई का कार्य करते कर्मचारी।

## गोपाल गोशाला के कर्मचारी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रेवाड़ी रोड नजदीक स्थित गोपाल गोशाला के एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मुताबिक मूल रूप से बिहार के रहने वाला करीब 26 वर्षीय प्रवेश कुमार गोपाल गोशाला में कार्यरत था।

वह गोशाला प्रांगण में बने कमरों में ही अपने परिवार के साथ रहता था। उसके साथ उसकी पत्नी के अलावा उसकी सास भी रहती थी। शुक्रवार को सुबह वह गायों को चारा आदि डालने के बाद दोपहर को एक मृत गाय को मिट्टी देकर आया था। खाना खाने के बाद गोशाला में ही एक कमरे में आराम करने के लिए चला गया।

दोपहर करीब ढाई बजे गोशाला का ही एक अन्य कर्मी अंदर गया तो उसको वह पंखें पर चुन्नी से फांसी का फंदा लगाए हुए दिखाई दिया। उसने इसकी सूचना अन्य कर्मचारियों व गोपाल गोशाला के प्रधान व अन्य को दी। गोशाला के कर्मचारियों ने फोन कर पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। जिसके बाद उसको पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

## सड़क हादसे में मूलोदी के होमगार्ड की मौत

**नारनौल।** सड़क हादसे में मूलोदी के होमगार्ड की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित कुमार (नं. 771/नारनौल) के रूप में हुई है। बीती रात करीब एक बजे एसपीओ भीम सिंह और होमगार्ड जवान अमित कुमार सरकारी पीसीआर गाड़ी में बाईपास 148 बी पर गांव भुषण खुर्द क्षेत्र में रात्रि गशत कर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर तूड़ा (पशुचारा) से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी मिली। दोनों पुलिसकर्मी ट्रैक्टर चालक से बातचीत कर उसे सड़क से साइड करवाने लगे। तभी गांव सुराना की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे टक्कर मार दी। हादसे के समय अमित कुमार ट्रैक्टर और डिवाइडर के बीच खड़े थे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर, गर्दन, मुंह और पेट पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद साथी पुलिसकर्मियों और ट्रैक्टर चालक ने घायल अमित कुमार को तुरंत सरकारी अस्पताल नारनौल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। थाना सदर नारनौल पुलिस ने एसपीओ भीम सिंह की शिकायत पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल के फोटो और वीडियो भी कब्जे में लिए हैं।



नांगल चौधरी। छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## पीएमश्री गर्ल्स स्कूल की छात्रा चित्रा को मिले 486 अंक

**नांगल चौधरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी की छात्राओं का प्रदर्शन सहरानीय रहा। स्कूल के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार ने मेधावी छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि छात्रा चित्रा जोशी ने 500 में से 486 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं साक्षी कुमारी ने 452, ज्योति ने 449, प्रियंका ने 439, करिश्मा ने 434 तथा पूजा ने 428 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा का परिणाम भी सराहनीय रहा। छात्रा आरती ने 460 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, सिमरन ने 458 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। करीब 35 छात्राओं ने मेरिट सूची में जगह बनाई।



नांगल चौधरी। ब्लॉक स्तरीय फोक डांस व रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## प्रतियोगिता में 16 स्कूलों के 140 विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

**नांगल चौधरी।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल दर्गू में ब्लॉक स्तरीय डांस व रोल प्ले प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 16 स्कूलों के 140 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्राचार्या कैलाश यादव ने सम्मानित किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने हरियाणवी संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रथम स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांदी, द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नियामतपुर, तृतीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़वाल ने प्राप्त किया। रोल प्ले प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत कर निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रथम स्थान आरोही मॉडल स्कूल मढाणा, द्वितीय जीएसएसएस मूसनौता, तृतीय स्थान जीएसएसएस कांवी रहे। नइस मौके पर डीआईईटी महेंद्रगढ़ से दिनेश रावत, प्राचार्य लोकेश कुमार, बीआरपी सुमित्रा, एबीआरसी विनय कुमार, नवीन, प्रदीप, राजेंद्र, महेश, सुरेंद्र कुमार, आजाद सिंह आदि मौजूद थे।

### डीसी ने ली समाधान शिविर की समीक्षा बैठक

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को जन समस्याओं के निपटारे के प्रति और अधिक गंभीर रहने की हिदायत दी। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की मंशा लोगों की शिकायतों का मौके पर ही उचित समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जितने भी पुराने मामले लंबित हैंए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का धरातल पर समाधान होना जरूरी है। उपायुक्त ने अधिकारियों को एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करते समय विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### सिटी पुलिस ने चिट्टा बेचते एक आरोपित पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** थाना शहर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर सब्जी मंडी के पास से एक युवक को हेरोइन (चिट्टा) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर ने सूचना मिली कि महेंद्रगढ़ निवासी धर्मेंद्र अपनी दुकान के पीछे नशीला पदार्थ बेच रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेड की योजना बनाई। पुलिस पार्टी को देखकर आरोपित ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद कर्मचारियों ने उसे मौके पर ही काबू कर लिया। आरोपित की राजपत्रित अधिकारी उप-पुलिस अधीक्षक नारनौल सुरेश कुमार की उपस्थिति में तलाशी ली गई, तो उसकी पजामी की जेब से एक माचिस की डिब्बी बरामद हुई। डिब्बी के अंदर रखे सिल्वर पेपर की जांच करने पर उसमें 5.40 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) पाई गई। आरोपित नशीले पदार्थ से संबंधित कोई भी वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका।



नारनौल। गोवंश को हरा चारा डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पुण्यस्मृति में गोवंश के लिए लगाई सवामणी

**नारनौल।** स्वर्गीय गंगाराम शर्मा गुवानी की पुण्यस्मृति में परिवारजनों की ओर से प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट व गोसेवा मण्डल के तत्वावधान में श्रीअनाथ गोशाला में श्रद्धापूर्वक सवामणी का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व मंडल के सदस्य मुकेश वालिया ने बताया कि सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापिका जयश्री शर्मा व पर्यावरणविद कृष्ण शर्मा एडवोकेट ने स्व. गंगाराम शर्मा की पुण्य स्मृति में यह सेवा कार्य कराया गया। डॉ. रामनिवास मानव ने कहा कि गोसंरक्षण पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा हुआ विषय है। गोशालाएं केवल पशुओं के संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता की जीवंत मिसाल हैं। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को गोसेवा व गोशालाओं के सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर सुरेश शर्मा कांवी, मुरारीलाल शर्मा, बनवारी लाल एडवोकेट, नीतेश भारद्वाज एडवोकेट, अजय शर्मा, लोकांश भारद्वाज, राजकुमारी शर्मा, पुष्पलता शर्मा, मुकेश वालिया, प्रेमलता सैनी आदि उपस्थित रहे।

## अटेली को उपमंडल बनाने की मांग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अटेली को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर गांव गणियार, बजाड़, चंदपुरा व सुजापुर के ग्रामीणों ने परस में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने कहा कि राज्य सरकार विकास, नौकरियों तथा नहरी पानी के वितरण में अटेली क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रही है। भाजपा सरकार ने डेढ़ दर्जन से भी अधिक उपमंडल बनाए हैं, लेकिन अटेली तहसील, जो उपमंडल बनने की सभी शर्तें पूरी करती है। उसको नजरअंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अटेली के कमजोर नेतृत्व के कारण इलाका पिछड़ता जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, दवाइयों तथा मूलभूत संरचना की कमी है। सरकारी स्कूलों में अध्यापक व स्टॉफ की कमी के कारण शिक्षा का बुरा हाल है। विधायक एवं मंत्री ने यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम बनाने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि दो महीने के अंदर अटेली को उपमंडल का दर्जा नहीं दिया गया, तो अटेली की सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर शेरसिंह यादव, भागसिंह तंवर, अशोक कुमार, राजेश कुमार, देशराज, घनश्याम, कमल सिंह, श्रीराम, रामानंद, महावीर, तेजपाल, फूलसिंह, सुभाष, पवन, विक्रम, रामचंद्र, वेदप्रकाश, रूपेश, मुकेश, दिनेश, सतेन्द्र, करण सिंह, मूलचंद, सम्पत, महिपाल, ओमप्रकाश, रामानंद, रामरति, सुमित्रा, विद्या, बिमला, लाली, संतोष, अनिता, सुनिता, मीना, संतरा, नरेश, योगेश, नवीन आदि ने प्रदर्शन में भाग लिया।



नारनौल। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## एक्स-सर्विसमैन एडवोकेट के रूप में विपिन यादव की नियुक्ति

**नारनौल।** हरियाणा राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) नारनौल के पैनल पर गांव बड़कोदा निवासी युवा अधिवक्ता विपिन यादव की 'एक्स-सर्विसमैन एडवोकेट' के रूप में नियुक्ति किए जाने पर क्षेत्र के अधिवक्ताओं और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं, साथियों एवं परिचितों ने उन्हें बधाई दी है। विपिन यादव ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन, सहयोगियों के विश्वास और परिवार के समर्थन का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं कनिष्ठ साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विपिन यादव



एडवोकेट ने कहा कि 'वीर परिवार सहायता योजना 2025' सैनिकों और उनके परिवारों के लिए बेहद सराहनीय पहल है। इस योजना के तहत अब पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को जमीन विवाद, पेंशन, घरेलू मामलों सहित विभिन्न कानूनी समस्याओं में निःशुल्क सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड सैनिक अधिवक्ताओं को योजना से जोड़ना एक सकारात्मक कदम है।

### 11 पुलिसकर्मियों को एसपी ने किया पुरस्कृत

**नारनौल।** अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने व अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में छह टीमों के 11 पुलिसकर्मियों को नकद इनाम देकर सम्मानित किया। इन सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने हत्याए अवैध खनन व मादक पदार्थों एनडीपीएस एक्ट की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान मुख्य रूप से सीआईए टीम को उनके अदम्य साहस के लिए पुरस्कृत किया गया। इंचार्ज सीआईए के नेतृत्व में उनकी टीम ने थाना नांगल चौधरी व सिटी नारनौल में दर्ज आर्म्स एक्ट और हत्या के गंभीर मामलों में वांछित आरोपितों की सटीक जानकारी जुटाई थी। इसके बाद चिंकारा जंगल के पास हुई एक मुठभेड़ के दौरान टीम ने इन आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जिन्होंने आरोपितों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की लगातार निगरानी कर टीम को तकनीकी सहायता प्रदान की।

### पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव कोथल खुर्द में एक पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया हैं। घायल पीड़ित ने सदर पुलिस थाने में शियत दी हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दह हैं। पीड़ित परमजीत ने गांव के ही एक नामजद और उसके बेटे पर साजिश रचकर हमला करने और सोने की चेन लूटने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, विवाद की जड़ ऊंचे ब्याज पर दिए गए पैसों का लेन-देन माना जा रहा है। पीड़ित के चचेरे भाई से विवाद था, जिसे लेकर परमजीत के परिवार को परेशान कर रहा था। 20 अप्रैल को भी आरोपित ने पीड़ित के 80 वर्षीय बुजुर्ग चाचा के साथ मारपीट की थी, जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। घटना पांच मई की सुबह करीब 5:15 बजे की है, जब परमजीत मंदिर जा रहे थे। रास्ते में नामजद आरोपित ने लोहे की रॉड से उनका रास्ता रोका और हमला कर दिया। इसी बीच उसका बेटा गाड़ी लेकर आया और लठ से ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए। हमले में परमजीत का दाहिना पैर और बाया हाथ टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आईं।

**जनगणना 2026:** हाउस लिस्टिंग कार्य में तेजी, प्रशासन ने दिए सख्त निर्देश

## महेंद्रगढ़ में जनगणना कार्य का निरीक्षण अधिकारियों ने गांवों का किया दौरा

जनगणना कार्य देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एकः राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिला उपायुक्त अनुपमा अंजली के निर्देशानुसार तथा जिला जनगणना नोडल अधिकारी मंगल सेन के मार्गदर्शन एवं उपमंडल अधिकारी योगेश सैनी आईएएस की देखरेख में जनगणना 2026 के प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं मकान गणना का कार्य जिलेभर में गंभीरता एवं सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता, सटीकता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न करवाने के उद्देश्य से लगातार फील्ड स्तर पर निगरानी एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनगणना संयोजक अनिकेत यादव द्वारा महेंद्रगढ़ उपमंडल के विभिन्न गांवों का व्यापक दौरा किया गया। इस दौरान खातोद, खायरा, बलाना, ढाढोत, खातोदड़ा सहित लगभग दर्जनभर गांवों में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फील्ड में कार्यरत सुपरवाइजर्स एवं प्रगणकों से जनगणना प्रक्रिया, डाटा संकलन, तकनीकी समस्याओं तथा आमजन से समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की।

चार्ज अधिकारी जनगणना एवं तहसीलदार अजय कुमार ने कहा कि जनगणना कार्य प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है, क्योंकि इसके आधार पर सरकार द्वारा भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक परिवार की सही जानकारी दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा फील्ड में आ रही समस्याओं का समय-समय पर समाधान किया जा रहा है। सहायक चार्ज अधिकारी जनगणना राजेश शर्मा झाड़ली ने कहा कि जनगणना कार्य देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है, जिसके आधार पर सरकार द्वारा भविष्य की विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। सहायक चार्ज अधिकारी जनगणना दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जनगणना का कार्य डिजिटल माध्यमों एवं आधुनिक तकनीकों के सहयोग से किया जा रहा है, जिससे डाटा की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। निरीक्षण के दौरान शंकर, हरीश रोहिल्ला, सतन सिंह, देवेंद्र कुमार, कर्मवीर, कौशल्या सहित अनेक सुपरवाइजर उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। जनगणना कार्य का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि